प्रेस विज्ञप्ति

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड में राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी

भिलाई : फरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय एवं भिलाई इकाई द्वारा ''मिनी ऑडिटोरियम'' में एफएसएनएल महाप्रबंधक(कार्मिक एवं प्रशासन)/विधि श्री पंकज त्यागी की अध्यक्षता एवं श्री एस.के.पोलु, उप महाप्रबंधक(संचालन एवं अनुरक्षण)के मुख्य आतिथ्य तथा श्रीमती अनुराधा धनांक, उप–मंडल अभियंता(राजभाषा), भारत संचार निगम लिमिटेड, दुर्ग तथा श्रीमती खुशबू पाठक, विभागाध्यक्ष (प्रबंधन), स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, भिलाई के विशेष आतिथ्य एवं श्री छगन लाल नागवंशी, राजभाषा अधिकारी की गरिमामय उपस्थिति में **उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, गुणवत्ता, पर्यावरण एवं प्रबंधन और हिंदी का विकास तथा मेरी माटी, मेरा देश** विषय पर ''राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी '' सम्पन्न हुई ।

सर्वप्रथम अतिथियों ने मंगल दीप प्रज्ज्वलन कर एवं विद्यादायिनी मॉ सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री पंकज त्यागी ने कहा कि –''भारत में प्रबंधन को कला एवं विज्ञान दोनों ही दृष्टिकोण से मान्यता दी जाती है, एक योग्य प्रबंधक किसी भी व्यवसाय का प्रबंधन कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि– घर पर हमारी माताएं हमेशा खर्च किए जा रहे पैसे से खरीदे जा रहे उत्पाद की गुणवत्ता के बीच व्यापार को देखती है, उपलब्ध संसाधनों में कैसे घर–परिवार चलाती हैं। किसी भी व्यक्ति को अपनी मॉ के कुशल प्रबंधन की प्रेरणा लेनी चाहिए, हमें उनसे बहुत कुछ सीखनी चाहिए। कुल्हड़ का उपयोग करने से हम अपनी माटी से जुड़ते हैं उनसे स्नेह बनाए रखते हैं ऐसे अनेकों उदाहरणों से उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, गुणवत्ता एवं पर्यावरण तथा प्रबंधन को गागर में सागर भरकर प्रस्तुत किया।''

विशेष अतिथि श्रीमती अनुराधा धनांक ने अपने संबोधन की शुरूवात मुंशी प्रेम चंद की कहानी–दुनिया का अनमोल रतन से करते हुए कहा कि भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना है, उनके बताए मार्ग पर सदैव चलना है, उनसे प्रेरणा लेनी है। विशेष अतिथि श्रीमती खुशबू पाठक ने हिंदी के विकास यात्रा को चरितार्थ करते हुए कहा कि प्रबंधन एक ऐसी रणनीति है, जिसके सुव्यवस्थित क्रियान्वयन से विकास शील होने की अवधारणा में परिवर्तित किया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एस.के.पोलु ने उत्पादन, उत्पादकता, सुरक्षा, गुणवत्ता, पर्यावरण विषय पर पावर पाइंट के माध्यम से प्रस्तुति देते हुए सभी पहुलूओं को सविस्तार से बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री पंकज त्यागी के कर कमलों द्वारा ''हिंदी प्रश्नोत्तरी बूझो तो जाने प्रतियोगिता'' के सफल विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया तथा अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री विष्णु प्रसाद अनंत, श्री एस.के.झा, श्री एस.के.सिंह, अशोक मिश्रा ने फूलों का पौधा प्रदान कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी श्री छगन लाल नागवंशी ने किया । इस अवसर पर एफएसएनएल के निगमन कार्यालय एवं भिलाई इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड